Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide all basic certificates at village level through e-district system in Uttrakhand.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान उत्तराखंड प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर की नकल एवं जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र को प्राप्त करने में हो रही परेशानियों की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण जनता परेशान है ।...(व्यवधान) पंचायती राज की नई व्यवस्था से पूर्व गांवों में ग्राम प्रधानों द्वारा अपने ग्राम सभाओं की जनता को परिवार रजिस्टर की नकल एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र दिए जाते थे, जिससे बड़ी सरलता और सुगमता होती थी । ई-डिस्ट्रिक्ट प्रणाली लागू होने में कठिनाइयां आई हैं । इसके कारण ग्रामीण जनता को इसे लेने के लिए विकास खण्डों में आना पड़ रहा है । विकास खण्ड स्तर पर परिवार रजिस्टर की नकल आवेदकों को सरलता से प्राप्त नहीं हो रही है ।

महोदय, दूर दराज गांवों से लोग 15-20 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद विकास खण्ड में जाते हैं और संबंधित कर्मचारी नैटवर्क नहीं होने का हवाला देकर ग्रामीण लोगों को वापस भेज देते हैं । इसके कारण उनका समय के साथ आर्थिक नुकसान भी होता है और संबंधित दस्तावेज भी प्राप्त नहीं होते हैं । इसका कोई आश्वासन संबंधित अधिकारी द्वारा नहीं दिया जाता है । इस कारण छोटे से दस्तावेज के लिए जनता को बहुत अधिक परेशानी होती है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह एवं सुझाव है कि ग्रामीण लोगों को ई-डिस्ट्रिक्ट प्रणाली से ग्राम सभा स्तर पर ग्राम सभा में सारे दस्तावेज प्राप्त कराए जाएं ।